



## एक नजर में

### हिमांशु ने सीए परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया मन्दसौर का मान



**मन्दसौर।** स्व. किरणमल जी सिंहल बब्लू सेठ का पौत्र एवं कृषि उपज मंडी स्थित अग्रवाल रेस्टोरेंट के संचालक संजय अग्रवाल (अमृत) के सुपुत्र हिमांशु अग्रवाल ने सीए फाइनल परीक्षा 2025 उत्तीर्ण कर परिवार, समाज और नगर का मान बढ़ाया। हिमांशु आरम्भ से ही पढ़ाई करने में रुचि रखता था। हिमांशु की माता ऋतु अग्रवाल ग्रहणी है। हिमांशु की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर परिजनों दादी श्रीकांता अग्रवाल, ताऊजी राजकुमार अग्रवाल ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### सुजानमल जैन की स्मृति में जैन एलीट क्लब के तत्वावधान में किया शिक्षण किट वितरण




**मंदसौर।** स्व. सुजानमल जैन की स्मृति में डॉ. अभिजीत जैन एवं परिवार द्वारा प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय ग्राम कचनारा में अध्ययन कर रहे लगभग 120 विद्यार्थियों को शिक्षण किट का वितरण किया गया। इस मौके पर ग्राम कचनारा सरपंच हारून कुरैशी, पूर्व सरपंच फतेह सिंह, जैन एलीट क्लब से चेयरमैन अपूर्व डोसी, अध्यक्ष हितेश भंडारी एवं संस्थापक नमन जैन के साथ जैन परिवार से उमेंद्र जैन, लोकेश जैन, डॉ अभिजीत जैन, सिद्धार्थ जैन, अक्षत जैन, आरव जैन, आशा जैन एवं प्राची जैन उपस्थित रहे। किट वितरण का कार्य उच्चतम एवं माध्यमिक विद्यालय कचनारा के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र जैन एवं प्राथमिक विद्यालय प्राध्यापक कन्हैयालाल राठौर के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

### एक बगिया मां के नाम अभियान अंतर्गत ग्राम दलावदा में स्वसहायता समूह की महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

**मंदसौर।** एक बगिया मां के नाम अभियान अंतर्गत सीतामऊ जनपद के ग्राम दलावदा में स्व सहायता समूह की महिलाओं को बगिया लगाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने प्रशिक्षण में पहुंचकर स्व सहायता समूह की महिलाओं को एक बगिया मां के नाम अभियान अंतर्गत बगिया लगाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। फलोद्यान लगाने हेतु स्वसहायता समूह की चयनित महिलाओं को प्रशिक्षण देकर फलोद्यान के लिए प्रेरित किया। अभियान अंतर्गत योजनाओं के बिंदुओं एवं वृक्षारोपण से जुड़ी फेंसिंग तथा सिंचाई की तैयारी, हितग्राहियों के चिन्हांकन, स्थल चयन, पौधारोपण की तैयारी, लागत संबंधी विवरण, पौधारोपण प्रक्रिया, अनुश्रवण (मॉनिटरिंग) तथा अन्य संबंधित गतिविधियों हेतु जानकारी प्रदान की गई। इस परियोजना अंतर्गत पौधारोपण 15 अगस्त से 15 सितंबर तक एक अभियान के रूप में किया जाएगा। एक बगिया माँ के नाम परियोजना के अंतर्गत आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह की महिला सदस्य, जो स्वयं की भूमि पर फलदार पौधारोपण करने हेतु इच्छुक हो, उसका चयन किया जाए। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ, मनरेगा के सहायक यंत्री एवं आजीविका मिशन के कर्मचारी सहित पंचायत कर्मचारी उपस्थित थे।



# भाजपा के सभी मंडलों में डॉ .श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई

▶ वृहद वृक्षारोपण कर संगोष्ठीया हुई संपन्न

> डॉक्टर मुखर्जी ने भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाई और बाद में भारतीय जनसंघ की स्थापना की। उन्होंने भारतीय संस्कृति और हिंदू सभ्यता के मूल तत्वों पर जोर दिया और राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ावा दिया। डॉक्टर मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 का विरोध किया और इसके खिलाफ लड़ाई लड़ी।

**मंदसौर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में मंदसौर जिले के सभी भाजपा संगठनात्मक मंडलों में श्रद्धेय डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर कार्यकर्ताओं को डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जीवन परिचय, बलिदान और उद्देश्य पर विस्तृत जानकारी संगोष्ठी के माध्यम से प्रदान की गई, साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान अनुसार %एक पेड़ मां के नाम% अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम निमित्त जिला भाजपा द्वारा प्रत्येक मंडलों में मुख्य वक्ता के रूप भैसोदा मंडल में विधायक चन्दरसिंह सिसोदिया, भानपुरा मंडल में पूर्व विधायक देवीलाल धाकड, गरोठ मंडल में भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष रणजीतसिंह चौहान, खडावदा मंडल में जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, मेलखेडा मंडल में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुकेश काला, शामगढ़ मंडल में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राजु चावला, सुवासरा मंडल में भाजपा नेता जितेन्द्रसिंह चौहान, बसई मंडल में जिला मंत्री नरेन्द्र पाटीदार, सीतामऊ ग्रामीण मंडल में भाजपा नेता अर्जुन सोनी, सीतामऊ मंडल में भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौड, कयामपुर मंडल में भाजपा नेता नरेश चंदवानी, धुधंडका मंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, गुर्जरबर्डिया मंडल में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया, पिपल्यामण्डी मंडल में जिला उपाध्यक्ष शिवराजसिंह राणा आदि ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर कहा की हम सब भारत के सच्चे सपूत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मना रहे हैं।

### परिवार जनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई, पुत्री ने बालिग बन मर्जी से शादी की

**भानपुरा। नगर भानपुरा से एक 18 वर्षीय लड़की की गुमशुदगी लड़की के पिता ने 16 जून को पुलिस थाना भानपुरा में दर्ज करवाई इस पर पुलिस भानपुरा ने गुमशुदा व्यक्ति पंजीयन संख्या 0052/2025 दर्ज कर परिवार जनों को शामगढ़ पुलिस थाना में बुलाया इस पर लड़की ने दसवीं की मार्क शीट के आधार पर बालिग होने का दावा कर स्वेच्छा से विवाह करने की बात करना तय किया।** परंतु परिजनों ने जब शासकीय चिकित्सालय भानपुरा का जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त किया तो उसमें नाबालिक प्रमाणित हुई। इस पर गुमशुदा की रिपोर्ट करने वाले पिता व भाई ने मांग की है कि उसकी पुत्री व भाई की बहन नाबालिक है अतः उसे बहला फुसला कर ले जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ पास्को को एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर नाबालिक लड़की को सौप जाए।

इस मामले में पुलिस थाना अधिकारी भानपुरा रमेश चंद डांगी ने बताया कि जब लड़की की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई तो बालिग होने का प्रमाण पत्र



### पौध पेड़ ना बन जाए तब तक देखभाल जरूरी : शक्तावत

▶ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मां गार्डन मे पौधारोपण किया

**मंदसौर। पौधारोपण कर भुले नही, लंबे समय से पर्यावरण के क्षेत्र मे कार्यरत संस्थाओ को पौधारोपण ही नही करना बल्कि पौधा पेड़ ना बन जाए तब तक उसकी देखभाल करना ही सच्चे पर्यावरण प्रेमी का कार्य है।** मां के नाम एक पेड़ अभियान के तहत पौधारोपण करने का आज जो हमें अवसर मिला, इस अवसर से मन मे सकुन है। उक्त बात दानवीर भामाशाह ठा.कृष्णपालसिंह शक्तावत ने रविवार को एनजीओ आरपीएस एवं जनसस्कृती समिति के आव्हान पर रेवास देवड़ा रोड स्थित देवडूंगरी माताजी मंदिर परिसर क्षेत्र के मां गार्डन मे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर जन संस्कृतिक विकास समिति के अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि बंशी राठौर, महेश लक्ष्यकार, सरपंच दिनेश जाट कई स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारिय मौजूद थे।



### साधु जीवनशैली का अनुसरण उपधान तप : निपूर्णरत्न

नवभारत न्यूज

**पिपलियामण्डी। संयम जीवन तलवार की धार पर चलने समान है। दृढ़ संकल्पी ही संयम पथ अंगीकार कर सकते है। साधु की दैनिक जीवन शैली के अनुसरण की क्रिया उपधान तप है। 50 दिन का यह तप जीवन में जरुर करना चाहिए।** उक्त बात आचार्य निपूर्णरत्नविजय मसा ने बही पार्श्वनाथ में उपधान तप मुहुर्त प्रदान करते समय कही। मसा ने कहा 47 दिन तक हम घर, संसार से दूर रहकर प्रतिदिन प्रातः 3 से रात्रि 9 बजे तिक धार्मिक क्रियाएं करते हुए मोक्षमाला पहनते है। संयम जीवन के बाद साधु प्रतिदिन जो धार्मिक क्रियाएं, आराधना, साधना करते है, वो सभी श्रावकों को करनी होती है। इस आराधना में उपवास और निवी के साथ क्रियाएं होती है। इस तप के बाद ही नवकार मंत्र पढ़ने की पात्रता मिलती है। उपधान तप आयोजन समिति प्रमुख अशोक कुमठ, दिलीप रांका ने बताया 12 अक्टूबर से बही पार्श्वनाथ में उपधान तप प्रारंभ होगा। सम्पूर्ण आयोजन के लाभार्थी ज्ञानचंद पूनमचंद चौरड़िया परिवार नीमच होंगे।

**जयंती** — कार्यक्रम पश्चात पंचायत परिसर में स्वच्छता की व वृक्षारोपण किया

# भाजपा गुर्जर बढ़िया मंडल न श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

**गुर्जर बर्डिया/नाहरगढ। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश व जिला निर्देशानुसार आज 06 जुलाई 2025 को गुर्जर बर्डिया मंडल की ग्राम पंचायत भवन गुर्जर बढ़िया में ड्रॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई।** जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया, मंदसौर जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंत शर्मा भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी विनय धनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष भेरुलाल सेन का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।अतिथियो ने सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी




के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुरुआत की। अतिथि भाषण मंडल अध्यक्ष भेरुलाल सेन ने प्रस्तुत किया तथा उद्बोधन जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा व पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री जयंतीलाल गुप्ता ने किया एवं आभार मंडल कोषाध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रभारी महेंद्र सिंह सिसोदिया ने व्यक्त किया। आयोजन मे मण्डल के पदाधिकारीगण मण्डल उपाध्यक्ष दशरथ जाट, श्याम डांगी, भारत सिंह पंवार, दिनेश सोंलकी, राजू राठौर, बाबूलाल विश्व कर्मा, भेरुलाल पाटीदार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम पश्चात पंचायत परिसर में स्वच्छता की व वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर मंडल पदाधिकारी, जिला व मंडल कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक, पंच परमेश्वर, जनपद सदस्य, सरपंच पंच गण, बुथ अध्यक्ष व समस्त ज्येष्ठ श्रेष्ठ वरिष्ठ कार्यकर्ता व मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

## नीमच

## एक नजर में

### जिले के मेहनतकश 9 जुलाई को करेंगे राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**नीमच।** सेंटर ऑफ़ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू के जिला महासचिव सुनील शर्मा ने बताया कि सीटू और इंटक सहित देश की 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ,सार्वजनिक क्षेत्र के फेडरेशन और कानफेडरेशन, केंद्र व राज्य कर्मचारीयों के संगठनों,संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी आवाहन पर आंगनवाड़ी, आशा, समस्त क्षेत्र में काम करने वाले आउटसोर्स, ठेका,संविदा, मध्यान भोजन कर्मी, अस्थाई श्रेणी के मजदूर -कर्मचारी- शिक्षक,नल चालक और भृत्य, दैवेभो, विनीयमित कर्मचारी, औद्योगिक मजदूर, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव, वाहन चालक, निर्माण क्षेत्र, छात्र व नौजवान ,बैंक ,बीमा, बीएसएनल सहित समस्त मेहनतकश 9 जुलाई को नीमच में एक दिन की हड़ताल करेंगे। केंद्र व राज्य सरकारों की मजदूर ,कर्मचारी, किसान और गरीब जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ होने वाली इस हड़ताल को को कई क्षेत्र का समर्थन प्राप्त है। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा श्रम कानून समाप्त करना, अस्थाई और कच्ची नौकरी वालों का नियमितीकरण, न्यूनतम वेतन 26000 रुपए, लगातार बढ़ती महंगाई, किसानों को उनकी उपज का दम सही नहीं मिलना नौजवानों को रोजगार नहीं मिलना ,मध्य प्रदेश में न्यूनतम वेतन का एरियर, नीमच आंचल की सीमेंट फैक्ट्री सीसीआई को सरकारी क्षेत्र में चलाना सार्वजनिक क्षेत्र का बंदीकरण एवं निजीकरण, कॉर्पोरेट फॉरेस्ट पूंजीवादी नीतियों का बढ़ावा देना, शाहिद 18 सूत्री मांगों को लेकर यह हड़ताल की जा रही है।

### खनिजों का अवैध परिवहन करते पांच वाहन जब्त




**नीमच।** खनिज अधिकारी श्री गजेन्द्रसिह डावर एवं टीम द्वारा अवैध उत्खनन,परिवहन,भण्डारण के विरूद्ध नयागांव,मनासा क्षेत्र में शुक्रवार, शनिवार को कार्यवाही करते हुए खनिज रेत एवं फर्शीपत्थर के अवैध परिवहन मे संलिप्त पांच वाहनों को जप्त किया गया है। इन वाहनों को पुलिस थाना मनासा एवं नयागांव की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है। अवैध परिवहन ,भण्डारण, उत्खनन में संलिप्त वाहनों का पंजीयन क्र .ट्राला आर .जे .09 जी.डी.8931 रेत, टैक्टर महेन्द्रा 475 डी.आई.एक्स.पी. फर्शीपत्थर, टैक्टर महेन्द्रा 275 डी.आई.एक्स.पी. फर्शीपत्थर,टैक्टर एम.पी 44 बी.सी.1915 रेत एवं ट्रैक्टर स्वराज 735 एफ.ई. रेत शामिल है।

### जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक 16 को

**नीमच।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति( दिशा) की बैठक 16 जुलाई 2025 को प्रात- 10 बजे कलेक्ट्रोरेट सभाकक्ष नीमच में सांसद श्री सुधीर गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की जा रही है बैठक में जिले के सभीविभागों द्वारा संचालित योजनाओं कार्यक्रमों और गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की जावेगी ।जिला पंचायत सीईओं श्री अमन वैष्णव ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को आवश्यक विभागीय जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए है ।साथ ही समिति के सभी सदस्यों से भी बैठक में उपस्थित होने का आगृह किया गया है ।

# श्रद्धा-विश्वास के बिना तपस्या-भक्ति सफल नहीं होती - आचार्य प्रशमेशप्रभु

▶ आचार्य भगवंत, मुनिराज के प्रवचन में उमड़े समाज जन

नवभारत न्यूज

**नीमच। परमात्मा के उपदेशों को जीवन के आचरण में लायेंगे तो कठिन से कठिन समस्या का निराकरण भी सरलता से हो जाता है जिसके जीवन में तपस्या और भक्ति के प्रति अनुशासन होता है वह जीवन के हर क्षेत्र में सफल होता है।**

श्रद्धा और विश्वास के बिना तपस्या और भक्ति सफल नहीं होती है। परमात्मा के बताएं जीव दया और अहिंसा के मार्ग पर चलने से आत्म बल मजबूत होता है और इसी आत्म बल की शक्ति के सहारे हम आत्मा का कल्याण कर सकते हैं और मोक्ष को प्राप्त कर सकते हैं ।यह बात आचार्य प्रशमेशप्रभु ने कही। वे नीमच सिटी श्री संघ जैन मंदिर मंडल ट्रस्ट नीमच सिटी के तत्वाधान में नीमच सिटी आराधना भवन मेंआयोजित आयोजित अमृत प्रवचन श्रृंखला की धर्म सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि स्नात्र पूजन के प्रति श्रद्धा और विश्वास होता है तभी उसका पुण्य फल मिलता है। मनुष्य जन्म 84 लाख योनि के बाद बड़े पुण्य कर्मों से मिलता है। देवता भी धरती पर अवतार लेने के लिए तरसते हैं। मनुष्य धरती पर जन्म लेने के बाद मनुष्य जन्म का महत्व नहीं समझता है देवलोक से भी ज्यादा पुण्य मानव प्राप्त कर सकता है लेकिन उसके हृदय में भगवान विराजित होने चाहिए और भगवान के उपदेश उसके आचरण में होने चाहिए तभी वह पुण्य फल प्राप्त कर सकता है तपस्या भक्ति में जो आनंद होता है वह संसार में और कहीं नहीं मिलता है। मनुष्य परमात्मा का अभिषेक करता है इसमें जो आनंद मिलता है वह देवलोक में भी नहीं मिलता है। यदि हम प्रभु प्रतिमा को साक्षात भगवान मानकर भक्ति पूर्वक पूजा करते हैं तो हमें पुण्य मिलता है। जिन मंदिर के पास में यदि किसी श्रद्धालु भक्त का घर हो और वह मंदिर नहीं जाए तो उसे पुण्य नहीं मिलता है लेकिन किसी श्रद्धालु भक्त का घर बहुत दूर और मंदिर नियमित जाता हो तो उसका फल उसे अवश्य मिलता है।



> आचार्य भगवंत श्री विजय प्रशमेशप्रभ सूरीश्वरजी मसा एवं मुनिराज श्री नीति प्रभविजयजी मसा आदि ठाणा 2 एवं साध्वी जी श्री श्रुतवर्धना श्रीजी मसा एवं साध्वी जी श्री विरतिप्रिया श्रीजी मसा आदि ठाणा 9 का चातुर्मास मंगल प्रवेश 7 जुलाई सोमवार को नीमच श्री भीड़भंजन श्रीसंघ में होगा ।आचार्य श्री के प्रवचन नूतन आराधना भवन में सुबह 9-15 बजे से होंगे , ।इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी पारस लसोड सहित बड़ी संख्या में नीमच सिटी व छावनी क्षेत्र के समाज जन उपस्थित थे ।श्री भीड़भंजन श्रीसंघ में चातुर्मास के लिए पधार रहे ।

### आर्यिका माताजी ससंघ का नगर में भव्य चातुर्मास मंगल प्रवेश

▶ एक साथ हुआ भव्य माताजी ससघ का पाद प्रक्षालन

**सिगोली। नगर के पुण्य उदय से मेवाड़ प्रान्त कि धार्मिक नगरी सिंगोली में आचार्य श्री विद्यासागर सागर जी महाराज आचार्य ज्ञैय सागर जी महाराज व अर्ह योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज के आशीर्वाद से आर्यिका श्री प्रशममति माताजी आर्यिका उपशममति का ससंघ का चातुर्मास हेतु भव्य मंगल प्रवेश 5 जुलाई को प्रातः काल 8 बजें बारिश कि रिमझिम बुन्दो के साथ नगर में प्रवेश हुआ।** समाज के अनिल सामरिया (आदिनाथ) ने बताया कि नगर के पुण्य उदय से लगातार तीसरे वर्ष भी नगर में भव्य चातुर्मास होने जा रहा है जिससे समाजजनों में काफी उत्साह का वातावरण है माताजी ससंघ के मंगल प्रवेश के दोरान जगह-जगह प्राद प्रशालन व आरती समाजजनों द्वारा उतारी गई वही बापू बाजार में भव्य 108 थाली में माताजी ससघ का समाजजनों द्वारा पाद प्रशालन किया गया मंगल प्रवेश जुलुस में बैण्ड बाजा के साथ महिलाओं मण्डल डेस्स कोर्ड कि साड़ी पहने हाथ मे केसरिया झण्डा लेकर चर रही व पुरुष वर्ग युवा वर्ग सफेद वस्त्र पहन कर जयघोष लगाते हुए चल रहे थे तो पाठशाला के बच्चे भी हाथ मे झण्डे लेकर चर रहे थे।

> आगामी समय मे अर्ह योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज ससघ व आर्यिका माताजी ससघ के सानिध्य भव्य पन्चकल्याणक महोत्सव होना है मन्च संचालन निर्मल खटोड़ ने किया वही माताजी के सानिध्य में 6 जुलाई को भव्य शान्ति मण्डल विधान प्रात: काल होगा इस अवसर पर बोराव झांतला धनगाव थडोद बिजोलिया आदी नगरो के समाजजन उपस्थित थे।


**चातुर्मास** — साधु वृन्द के मंगल प्रवेश में उमड़ा जनसैलाब

# चौथमल महाराज ने झोपड़ी से लेकर महल तक अहिंसा की अलख जगाई

नवभारत न्यूज

**नीमच। जीव दया का पालन करने से जीवन में अहिंसा व्रत का पालन होता है। जीव दया की सेवा से जो सुख मिलता है वह सुख पुण्य में परिवर्तित होता है। पुण्य के फल से ही मनुष्य को सच्चा सुख मिलता है। पुण्य फल के बिना संसार में सच्चा सुख नहीं मिलता है। चौथमल जी महाराज साहब ने झोपड़ी से लेकर महलों तक अहिंसा का संदेश दिया।**

यह बात उप प्रवर्तक विजय मुनि जी महाराज साहब ने कहीं। वे नीमच सिटी स्थित श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन समाज द्वारा पुलिस चौकी के समीप वर्धमान जैन स्थानक सभा कक्ष में चातुर्मास प्रवेश के उपलक्ष्य में आयोजित धर्म सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज श्री संघ को चातुर्मास का अवसर पुण्य कर्मों के फल से मिलता है। चातुर्मास काल तपस्या और साधना कर आत्म कल्याण के लिए होता है। इस अवसर पर साधु संत स्वयं भी तपस्या साधना करते हैं और श्रावक श्राविकाओं को भी प्रेरणा देते हैं। दान शील तप और पवित्र भावना से युक्त भावों को बनाना ही चातुर्मास का सार होता है। स्वाध्याय ज्ञान ध्यान और पुण्य कर्म का पुरुषार्थ करें तो आत्मा का कल्याण हो सकता है।



चातुर्मास में उपस्थित श्रद्धालु भक्तों की संख्या देखकर लग रहा है कि नीमच के श्रावक श्राविकाओं में तपस्या और भक्ति के प्रति त्याग और समर्पण का भाव शक्तिशाली है। चंद्रेश मुनि जी महाराज साहब ने कहा कि नीमच की पवित्र धरा लाल माटी पर चौथमल जी महाराज साहब की जन्मस्थली होने से यहां के लोगों में चातुर्मास के प्रति अपार उत्साह है।




### रोटरी क्लब नीमच कैंट की सेवा को मिले 16 अवार्ड

▶ अध्यक्ष सन्देश माहेश्वरी बेस्ट प्रसिडेंट व आशीष दरक को बेस्ट सेक्रेटरी अवार्ड मिला

**नीमच।** मनमोहन मेहता ऑडिटोरियम (संगीत कला अकादमी) इंदौर में आयोजित रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 की 41वीं डिस्ट्रिक अवार्ड सेरेमनी संपन्न हुई। रोटरी क्लब नीमच कैंट को वर्ष 2024-25 में किए गए सेवा प्रकल्पों में जैसे हेल्थ चेकअप कैंप,रोटरी पब्लिक ईमेज, एनवायरमेंट अवेयरनेस पौधारोपण, ब्लड डोनेशन कैंप, ऐजुकेशन एंड लिटरेसी, पोलियो उन्मूलन, देह दान सहित कम्युनिटी सर्विस, एवं बेस्ट आउटस्टैंडिंग क्लब अवार्ड से सम्मानित किया गया। उक्त सभी अवार्ड डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. अनीश मलिक एवं मंडल की प्रथम महिला सिम्मी मालिक द्वारा दिए गए साथ ही जोन 6 से बेस्ट प्रेसिडेंट का अवार्ड अध्यक्ष संदेश माहेश्वरी को एवं बेस्ट सेक्रेटरी का अवार्ड आशीष दरक को एवं रीज़न 2 से भी गोल्ड सेक्रेटरी का अवार्ड आशीष दरक को प्राप्त हुआ।